॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे देव ! हे सखा! हे मित्र! तू इस संसाररूपी राष्ट्र का स्वामी है। इस राष्ट्र को शान्तिदायक, महान और ऊँचा बना। विधाता ! यही नहीं हम संसाररूपी राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहते हैं। हम सबसे पूर्व चाहते हैं कि यह हमारा हृदयरूपी राष्ट्र है यह हर प्रकार से ऊँचा बना रहे। यह हमारी हृदयरूपी जो अयोध्या है इसमें वह राम विराजमान रहे जिस रामराज्य के ऊपर संसार व्याकुल होता चला जा रहा है। हे विधाता ! आज हम शरीर को वह अयोध्या चाहते हैं जिसमें रामराज्य हो जाये। हमारी यह अयोध्यारूपी नगरी ऊँची बन जाये और वह विधाता इस नगरी में ओत-प्रोत हो जाये। वह विधाता इस राष्ट्र का स्वामी बन जाये।

हे विधाता ! आज हम उस राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहते हैं जिस राष्ट्र में हमारा जन्म हो जो राष्ट्र देखो, हमारे शरीर का एक ऊँचा भाग हो। कैसे बनायेंगे? जब तक आपकी करुणा नहीं होगी, आपकी दी हुई प्रेरणा हमें नहीं मिलेगी। तब तक देखो हम इस संसार का, अपने शरीररूपी राष्ट्र का उत्थान किसी भी प्रकार नहीं कर सकते और न ही इसका निर्माण अच्छी प्रकार कर सकते हैं।

प्रभु ! हम अपना ही कल्याण नहीं चाहते, संसार का कल्याण चाहते हैं। जब संसार में रहने वाले प्राणियों का हृदय अयोध्या के तुल्य बन जाये, रामराज्य सबके हृदय में रमण कर जाये, उस काल में मुनिवरो ! देखो, शान्ति का प्रदर्शन हो जायेगा।

—पूज्यपाद गुरुदेव

अंक : 536 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 611
वर्ष : 45 44 समग्र वर्ष : 51

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. आत्मा का रहस्य		5-18
4. दार्शनिक चर्चाएँ		19-30
5. ऋषियों के उद्‌गार		31
6. Lord Krishna		32-37
7. दान, पुस्तकों की सूची व प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		38-42

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेदमन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' के रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है :-

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)
पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली
बैंक खाता नं. - 0149000100229389, IFSC Code – PUNB–0014900
website : www.shringirishi.in
Email : contact@shringirishi.in

।। ओ३म् ।।

आत्मा का रहस्य

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा महिमावादी हैं और संसार के रचियता हैं और निर्माण में निर्माणीत कहा जाता है इसीलिए वह परमपिता परमात्मा प्रायः अनन्तता में निहित रहने वाले हैं। तो उस परमपिता परमात्मा का जो अनन्तमयी ज्ञान है, अनन्तमयी विज्ञान है और अनन्तमयी बेटा! यह संसार की यह प्रतिभा कहलाती है जिसके ऊपर मानव परमपरागतों से अनुसन्धान करता रहा है और नाना प्रकार की उड़ानें उड़ता रहा है। कोई साधक अपनी आत्मा के ऊपर उड़ाने उड़ता रहा है और वह साधना में परणित होने वाला साधक मुनिवरो! देखो अपनी परमपिता परमात्मा की आराधना करता है और वह कहता है तेजोमयी तेजाम् भूतम् ब्राह्मण व्रतम् तेजो मानो वह कहता है कि मैं तेजोमयी बनूँ। जैसे परमपिता परमात्मा तेज़वान है वह अग्निमयी स्वरूप कहलाता है इसी प्रकार प्रत्येक मानव की यह आकांक्षा होती है क्या मैं तेजोमयी बनूँ। जैसे अग्नि देवताओं का मुख कहलाता है इसी प्रकार जब परमपिता परमात्मा ने इस मानवीय शरीर का निर्माण किया तो मानव शरीर में भी नौ द्वारों का उन्होंने गठन किया और नौ द्वारों में नौ देवता विद्यमान रहते हैं। मेरे प्यारे! उस नौ द्वारों वाले इस मानवीय शरीर में एक चेतना विद्यमान होती है जिस चेतना का नामोकरण हम आत्मा के रूप में वर्णित करते रहे हैं। वह आत्मा कहलाता है जो मानो

नौ द्वारों के शरीर में प्रायः विद्यमान होता है। नौ द्वारों में मुनिवरो! देखो एक उपस्थ और ग्रीवा, दो नेत्रों के छिद्र हैं, दो नासिका के हैं, दो श्रोत्रों के हैं और एक मुखारबिन्दु कहलाया जाता है। यह नौ द्वार कहलाते हैं इसके द्वारम् ब्रह्म देखो इसी में आत्मा विद्यमान है। आत्मा के हमारे यहाँ दो प्रकार के लक्षणों का वर्णन किया गया है।

आत्मा का लोक-लोकान्तरों में प्रवेश

बेटा! मुझे वह काल आज स्मरण आ रहा है जिस काल में महर्षि जालवी ऋषि के यहाँ एक ब्रह्मवेत्ताओं की सभा हुई और ब्रह्मवेत्ताओं की सभा में यमाचार्य और पिप्पलाद ऋषि भी विद्यमान थे। तो यमराज से यह प्रश्न किया गया, यमाचार्य से यह प्रश्न किया गया कि आत्माम् भूतम् ब्रह्मा क्या यह आत्मा शरीर को त्याग करके कहाँ जाता है? जैसे मुनिवरो! यमाचार्य से नाचिकेता ने भी यह प्रश्न किया और उन्होंने मुनिवरो! अपने में विचार विनिमय करने वालो ने अपनी विचारधारा प्रगट करते हुए कहा सम्भवम् ब्रह्मणा लोकाम् यह आत्मा अपने में आत्म तत्त्व कहलाता है जिसके ऊपर मानव अपने में अन्वेषण करता रहा है। तो महात्मा जालवी ऋषि ने यह कहा क्या यह जो मानव का शरीर है यह तो पंच महाभौतिक कहलाया जाता है यह आत्मा का लोक माना गया है, लोक कहते हैं जिसमें वह वास करता है। तो इसी प्रकार उन्होंने जब यह प्रश्न किया कि महाराज आत्माम् भूतम् ब्रह्मे वेदाम् ब्रीही वेद मन्त्र यह कहता है कि आत्मा को जानने का कैसे प्रयास करें। जब यह आत्मा इस शरीर को त्यागता है तो यह कौन से लोक लोकान्तरों में जाता है? तो मानो उन्होंने कहा कि इन पंच मानो नौ द्वारों में इसमें मानो ब्रह्मणे पंच तन्मत्रा कहलाती हैं, काल और दिशा कहलाती हैं आत्मा और मन यह नौ पदार्थ माने गये हैं और नौ ही मानो नौ द्वार हैं और नौ द्वारों पर नौ ऋषि विद्यमान रहते हैं परन्तु देखो जिस द्वार से जो आत्मा जाता है उसकी वही गतियाँ क्योंकि उनमें किसी में जल प्रधान है, तो किसी में गुरुत्व प्रधान है, किसी में तेजोमयी अग्नि प्रधान है जैसे नेत्रों में अग्नि प्रधान मानी गई है और श्रोत्रों में वायु की प्रधानता और

नासिका में गुरुत्व की प्रधानता मानी गई है परन्तु इसी प्रकार मुखारबिन्दु में वायु व्रेतकेतु कहलाया जाता है। तो मेरे पुत्रो! देखो जब इसमें किसी में अग्नि किसी में देवम् ब्रह्मा अन्नाद की प्रतिभा का जन्म होता रहता है। तो मानो देखो **जिस भी द्वार से आत्मा जाता है उसी लोक में और उसी शरीरों को यह प्राप्त होता रहता है।** मेरे प्यारे! देखो मानो जब यह आत्मा इन मानव के नेत्र से आत्मा जाता है तो यह पक्षी की योनियों को प्राप्त होता रहा है। मेरे प्यारे! देखो जब यह अमृतम् मानो देखो जब यह रसना के द्वार से जाता है मुखारबिन्दु से तो यह चन्द्र देवता को प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार बेटा! जालवी ऋषि ने अपना मन्तव्य देते हुए कहा क्या यह आत्मा जब उपस्थ से जाता है तो यह क्रीड़ा करने वाला योनियों को प्राप्त होता है और जब इसमें मुनिवरो! क्रोध की मात्रा विशेषता में आत्मा को त्यागा जाता है तो विषधर जितने भी विषैले प्राणी हैं उनमें प्राप्त हो जाता है। तो यह आत्मा अपने में मानों बड़ी विचित्र अमृतियों को प्रकृति के अवयवों को जानता हुआ— ऋषि कहता है क्या इसी के ऊपर हमें अन्वेषण करना है, विचार विनिमय करना है।

आत्मा का लोक

मेरे प्यारे! देखो आत्माम् भूतम् ब्रह्मा जालवी से कहा कि आत्मा का लोक क्या है? उन्होंने कहा कि आत्मा का लोक पंचमहाभूत है। इस पंचमहाभूतों के शरीर में रहनी वाली एक चेतना है उसी को आत्मा कहते हैं। चेतना जो गति है वही तो मानों इस शरीर को गतिवान बनाती रहती है और जब यह मानों गति नहीं रहती तो मानव का शरीर पूर्णता को प्राप्त हो जाता है। परन्तु देखो यह तो स्थिर क्रियाकलाप रहा और वास्तव में मृत्यु अपने में देखो रूलाने वाली है। यमराज भी कहते हैं कि मृत्यु को विजय करने वाला ही मानों देखो यमराज कहलाता है। जैसे बेटा! देखो आत्माम् भूतम् नाचिकेता ने कहा क्या हे प्रभु यह आत्मा शरीर को त्याग करके कहा जाता है? तो इस सम्बन्ध में जालवी ऋषि से प्रश्न किया गया जालवी ऋषि ने मुनिवरो! अपना

मन्तव्य देते हुए कहा सम्भूति ब्रह्मणा लोकाम् सम्भूति लोकाम् वाचस्सुतम। मेरे प्यारे! देखो सम्भूति का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि आत्माम् भूतम् आत्माम् लोकाः मेरे प्यारे! देखो यह आत्मा अपने में, अपने में चेतना है आत्मा के चले जाने से मानव का शव मानो शून्यता को प्राप्त हो जाता है।

महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज और राजा जनक, रम्भेश्वरी सम्वाद

यह मुनिवरो! देखो वेद का मन्त्र कहता है यजन्म ब्रह्मे जैसा बेटा! देखो महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने बेटा! राजा जनक के विद्यालय में विद्यमान हो करके और यज्ञशाला में बेटा! देखो याग का जब व्यवधान हो रहा था तो मुझे स्मरण आता रहता है बेटा! याज्ञवल्क्य मुनि महाराज से उन्होंने देखो उनकी पत्नी रम्मेश्वरी ने कहा था हे प्रभु! हे ऋषिवर! हम यह जानना चाहते हैं कि आत्मा भूतवान् भूवम् ब्रह्मे हे प्रभु यह प्रकाश का मूलक क्या है? तो उस समय उन्होंने कहा कि प्रकाश का जो मूलक है मानों यह सूर्य माना जाता है। सूर्य का प्रकाश आता है मानव प्रकाशित हो जाता है और प्रकाश में रत्त होता हुआ अपने में प्रकाश को प्राप्त हो जाता है। मेरे प्यारे! देखो यही प्रकाश का द्युतक है। सूर्य प्रातःकाल उदय होता है माता अपने पुत्रो का जागरुक कर लेती है, विद्यालय में ब्रह्मचारियों को आचार्य जागरुक कर लेता है और कहता है आओ देखो, जागरुक हो जाओ सूर्य प्रकाशक बन करके आ गया है। यह ऊषा नाम की कान्ति, नाम की किरणों को ले करके आ गया है तुम उदय हो जाओ, अपने क्रियाकलाप में रत हो जाओ। मेरे प्यारे! देखो वह प्रत्येक मानव याज्ञायाम् ब्रह्मणे वह जागरुक हो जाते हैं।

चन्द्रमा का प्रकाश

मेरे प्यारे! देखो वह राजा जनक ने कहा प्रभु कहीं ऐसा हो कि सूर्य का भी अभाव हो जाए तो वह किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? उन्होंने कहा जब सूर्य का अभाव हो जाए तो हमारे नेत्र मानो चन्द्रमा के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं और वह प्रकाश मुनिवरो! देखो

चन्द्रमा का मधुर प्रकाश है। आनन्दम् ब्रह्मे वह समुद्रों से उसका समन्वय रहता है और वही माता के गर्भस्थल में रहने वाला जरायुज है अथवा गर्भाश्य में रहने वाला शिशु है वह अमृत देने वाला देखो वह चन्द्रमा अमृत देता है। माता के निचले विभाग में, रसना के निचरले विभाग में एक चन्द्रकेतु नाम की नाड़ी होती है जब मानों देखो चन्द्रमा का अव्रेत होता है, प्रकाश आता है तो वह नाड़ी देखो उसमें से अमृत को ग्रहण करने लगती है। वह अमृत बेटा! देखो वह रसना से वह माता के पुरातत नाम की नाड़ी में जाता है और पुरातत नाम की नाड़ी से समन्वय होता हुआ माता की लोरियों से पंचम नाड़ियों का जन्म होता है और नाड़ियों में अमृत जाता हुआ बेटा! माता की नाभि और शिशु की नाभि का एक समन्वय होता है तो वह अमृत का पान करता रहता है, वह अमृतमयी कहलाता है। यह चन्द्रमा हमारे प्रकाश का द्युतक है और चन्द्रमा हमारा देवत्व कहा जाता है इसका समन्वय बेटा! समुद्रों से होता है और समुद्रों से देखो वह अमृत को ग्रहण करता हुआ मुनिवरों। कृषक की भूमि ब्रहे नाना प्रकार की यह वसुन्धरा है जो पृथ्वी इसके गर्भ में नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थों का जन्म हो जाता है जिससे यह संसार गतिवान मानो देखो अपने में भरण करने लगता है। तो विचार आता है बेटा! चन्द्रमा अपने में पवित्र है, चन्द्रमा अमृत के देने वाला है, वह अमृतमयी कहलाता है। इतने में बेटा! देखो ऋषि ने कहा सम्भवम् ब्रह्मे देखो चन्द्रमा की उपास्य तो उपास्य देव बन जाओ उसके।

तारा मण्डलों का प्रकाश

राजा जनक उनकी पत्नी ने नतमस्तिष्क हो करके कहा कि हे प्रभु! यदि चन्द्रमा का भी अभाव हो जाए, यह चन्द्रमा भी न हो तो किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? तब उन्होंने कहा कि जब यह चन्द्रमा नहीं होता तो धीमा-धीमा तारामण्डलों का प्रकाश है अन्धकार छाया हुआ है चन्द्रमा सूर्य नहीं है तो मानो उस समय वह जो धीमा-धीमा प्रकाश आ रहा है तारामण्डलों का उसके प्रकाश में हम रत्त

हो जाते हैं और अपनी पगडण्डी को ग्रहण कर लेते हैं। वही पगडण्डी के पथप्रदर्शक बन जाते हैं। यह लोक लोकान्तर, यह ब्रह्माण्ड बड़ा विचित्र है। नाना प्रकार का यह जो मण्डल है तारा मण्डल एक दूसरे में समाहित हो रहा है एक दूसरे का एक दूसरा मनका बना हुआ है और वह चेतना के सूत्र में पिरोया हुआ है।

प्रभु का अनन्तमयी राष्ट्र

मेरे प्यारे! जब हम देखो विज्ञान के वांगमय में प्रवेश करने लगते हैं, अनुसन्धान करते हैं तो मुनिवरों! देखो एक दूसरा एक दूसरे में ओत-प्रोत होता हुआ प्रायः हमें दृष्टिपात आता है। जैसे मेरे प्यारे! यह पृथ्वीयाँ—नाना पृथ्वीयों को वैज्ञानिकों ने जाना है। मुझे स्मरण आता रहता है भारद्वाज मुनि के यहाँ बेटा! देखो एक वैज्ञानिकों की सभा हुई। उस सभा में यह निर्णय होने लगा कि यह सूर्य के अन्तर्गत पृथ्वीयाँ कितनी भ्रमण करती हैं। तो उन्होंने बेटा! तीस लाख पृथ्वीयों का व्यवधान किया। उन्होंने कहा तीस लाख पृथ्वीयाँ हैं जो सूर्य के अन्तर्गत सूर्य में समाहित होती हैं। सूर्य इतना विशाल मण्डल है जिसमें मानो देखो तीस लाख पृथ्वीयाँ ओत-प्रोत हो जाती हैं। मेरे प्यारे! देखो यह नाना ब्रहे और नाना सूर्य एक सूर्य नहीं अनन्य सूर्य कहलाते हैं। मेरे प्यारे! देखो एक सहस्र सूर्य बृहस्पति में समाहित हो जाते हैं और एक सहस्र ब्रहस्पति आरूणी मण्डल में समाहित हो जाते हैं और एक सहस्र आरूणी मण्डल मेरे प्यारे! ध्रुव में समाहित हो जाते हैं। एक सहस्र ध्रुव पुष्प नक्षत्र में समाहित हो जाते हैं, एक सहस्र पुष्प नक्षत्र स्वाति नक्षत्र में ओत-प्रोत हो जाते हैं। एक सहस्र स्वाति नक्षत्र मूल नक्षत्र में ओत-प्रोत हो जाते हैं और एक मानो देखो मूलम ब्रह्मा एक सहस्र मूल नक्षत्र अचंग लोक में, मण्डल में ओत-प्रोत हो जाते हैं। एक सहस्र अचंग मण्डल समवृत्ति लोको में प्राप्त हो जाते हैं। एक सहस्र समवृत्ति मण्डल मेरे प्यारे! देखो, व्रेतकेतु मण्डल में ओत-प्रोत हो जाते हैं। एक सहस्र व्रेतकेतु मण्डल मुनिवरो! देखो अमृत प्रव्हाः ध्रुव अमृते वाचन्नमम् गन्धर्वाम् भवे वह गन्धर्व में ओत-प्रोत हो जाते हैं। मेरे प्यारे! देखो इन

सब मनको का एक अन्तिम जो एक सूत्र है, अन्तिम जो मानो मनका है वह गन्धर्व कहलाता है। तो इतने मानो मण्डलों का एक सौर मण्डल बनता है और सौर मण्डल बेटा! अपनी एक ईकाई में रमण कर रहा है। मानो देखो वह एक प्रकार की माला बनी हुई है जिस माला को योगीजन अपने में धारण करते हैं। जिस माला को मेरे पुत्रो! देखो वह वैज्ञानिक अपने में धारण करते रहे हैं और वह विज्ञान मानो देखो कहीं आध्यात्मिकवाद में कहीं भौतिकवाद में रमण कर रहा है। तो विचारवेताओं ने कहा कि इतने सौर मण्डलों का मेरे प्यारे! अमृत कहलाता है यह मण्डल है, यह सौर मण्डल कहलाता है। तो एक अरब छयानवे करोड़ उन्नतीस लाख उन्नचस्वी हजार पांच सौ इक्कसठ के लगभग बेटा! देखो इतने सौर मण्डलों की एक आकाश गंगा बनती है, एक आकाश गंगा कहलाती है। मुनिवरो! देखो लगभग एक अरब अठानवे करोड़ उन्नासी लाख उन्नचसवी हजार पाँच सौ बावन देखो एक सौ वृत्ति अमृतम् देवत्वाम् कहलाने वाला मेरे प्यारे! इतनी गणना में आने वाली आकाश गंगा—आकाश गंगा कहलाती हैं। मेरे प्यारे! पौने दो अरब आकाशगंगाओं की लगभग मुनिवरो! देखो एक अवन्तिका बनती है। पौने दो अरब अवन्तिकाओं की एक निहारिका बनती है। तो विचार आता है बेटा! प्रभु का यह राष्ट्र जगत बड़ा अनन्तमयी है। ऋषि मुनियों ने इतनी आकाशगंगा और निहारिकाओं को जान करके वह अपने में मौन हो गये हैं। तो विचारवेत्ताओं ने कहा मुनिवरों! जब उनका धीमा-धीमा प्रकाश आ रहा है उसी में मानव अपनी पगडण्डी को ग्रहण कर लेता है। वह प्रकाश में रत्त हो जाता है और वह मानों देखो उसी धीमे प्रकाश से अपने में अपनेपन को दृष्टिपात करता रहता है।

अग्नि का प्रकाश

मेरे पुत्रो! देखो उन्होंने कहा सम्भव ब्रह्मे राजा ने कहा हे प्रभु! हम यह जानना चाहते हैं जब तारा मण्डलों का भी अभाव हो जाता है तो किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? उन्होंने कहा जब तारामण्डलों का अभाव हो जाता है तो हम अग्नि के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं।

अन्धकार छाया हुआ है मेरी प्यारी माता अपने गृह को प्रकाश में अग्नि से प्रकाश में ला देती है, वह प्रकाश हो जाता है। तो अग्नि के प्रकाश में अपने क्रियाकलापों में रत्त हो जाता है। यही अग्नि बेटा! देखो वेद के वांगमय में चार प्रकार की अग्नि का चयन किया है। सबसे प्रथम गार्हपत्य नाम की है जिसमें ब्रह्मचारी तपता है। गर्हपत्य नाम की अग्नि में ब्रह्म अमृतम् देखो गृह तपता है पति पत्नी तपते रहते हैं और वैश्वानर नाम की अग्नि में वानप्रस्थ तपता रहता है और आवहनीय नाम की अग्नि में बेटा! देखो सन्यस्थ तपता रहता है। यह तपायमान होने वाला जगत है यह अग्नियों में तपायमान है। यही अग्नि बेटा! देखो जब आचार्यों के आयुर्वेदा आचार्यों के समीप पहुँची तो बेटा! उन्होंने पच्चासी प्रकार की अग्नियों का चयन किया है और मुनिवरों! यही अग्नि जब वैज्ञानिकों के कुल में पहुँची तो वैज्ञानिकों ने बेटा! अरबों खरबों प्रकार की अग्नि का चयन किया है। बेटा! देखो अग्नि अपने में अग्न्याधान करती रहती है।

विचारवेत्ता कहते हैं कि अग्नम् ब्रह्मा अग्नम् देवत्वाम् लोकाम् यह अग्नि ही मेरे प्यारे! हमारा वृत का कहलाया जाता है। तो विचार आता है कि अग्नि के ऊपर विचारवेत्ताओं ने बेटा! इस अग्नि की धाराओं के ऊपर शब्द जाता है वह द्यो लोक में प्रवेश कर जाता है। नाना प्रकार का जो परमाणुवाद है वह अग्नि की धाराओं पर विद्यमान हो करके अपने में लय हो जाता है। यह अग्नि देवाम् मुखाम् ब्रह्मा यह देवताओं का मुख माना गया है जो सब देवताओं को प्राप्त होता रहता है।

शब्द का प्रकाश

मेरे प्यारे! देखो जब इस प्रकार ऋषि ने वर्णन किया तो पति पत्नीम् ब्रह्मे राजा और उनकी पत्नी ने कहा प्रभु हम यह जानना और चाहते हैं प्रभु! यदि अग्नि का अभाव हो जाए तो हम किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? उन्होंने कहा कि यदि अग्नि का अभाव हो जाए, अग्नि न रहे तो हम शब्द के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं। यही शब्द है जो मानों देखो ध्वनि कर रहा है और मानव अपने में ध्वनित हो रहा है।

इस ध्वनि को जानने वाला मानो बेटा! देखो अन्धकार रात्रि काल में विचारवेत्ता मुनिवरो! देखो परमाणुओं का जो संघर्ष होता है शान्त मुद्रा में बेटा! देखो उसका ध्यानावस्थित हो जाते हैं और वही ध्यानावस्थित हो करके मुनिवरों! देखो अमृतम् वह शब्द की ध्वनि को पान करते हैं। जब और साधक मुनिवरों! देखो अन्तिम में जाता है तो एक अनहद ध्वनि होती है जो मुनिवरों! देखो अनहद ध्वनि के द्वारा जो ध्वनिम ब्रह्मा ध्वनित होता रहता है वह ध्वनियों को श्रवण करता है वह साधक मुनिवरों। देखो अपनी ध्वनियों में ध्वनित होता हुआ परमाणुवाद में प्रवेश कर जाता है। विचारवेत्ता कहते हैं बेटा! अग्नम् ब्रह्मा अग्नम् देवत्वम् ब्रह्मा अग्नाम् भूतम् वाचन्नमम् ब्रह्मे अग्ने—मेरे प्यारे! देखो वह वही तो देखो ध्वनि है जो परमाणुवाद में रत्त हो रही है शब्दों की ध्वनियों में हो रही है। यदि शब्द पवित्र है तो ध्वनि मुनिवरों! देखो वह अमृत देखो प्रदूषण को समाप्त करती है और यदि वाणी में दूषितपना है, शब्दों में दूषितपना है ध्वनि पवित्र नहीं है तो वही मानो प्रदूषण को जन्म देने वाली है।

विचार आता रहता है इसलिए वेद के ऋषियों ने कहा हे मानव तू सत्यवादी बन और अपनी वाणी से अपनी ध्वनि में मानो परमात्मा की ध्वनि को सम्बोधित कर। मेरे प्यारे! इस प्रकार जब ऋषि ने वर्णन किया और उस समय वर्णन करते उन्होंने कहा यही ध्वनि है एक मानव अंधकार में चला गया तो मार्ग से कुपथ को चला जाता है कुमार्ग में चला गया, अन्धकार में चला गया और वह भयँकर वन में जा करके कोई मार्ग प्राप्त नहीं हो रहा है। वह कहता है अरे है कोई मार्ग चेताने वाला जो मानव मार्ग में इस तरह से कहता है आ जाओ, मैं मार्ग में स्थिर हूँ। बेटा! उसी शब्द की ध्वनि से वह ध्वनित होता उस मार्ग को प्राप्त कर लेता है जिससे उसका विच्छेद हो गया है। तो उसी मार्ग को प्राप्त करता मार्ग का पथ प्रदर्शक बन जाता है।

मेरे पुत्रो! देखो ऋषि ने कहा याज्ञवल्क्य मुनि बोले कि वह अमृतम् ब्रह्मा मानो देखो वही तो अमृत है और वही ध्वनि से मानो

देखो पाण्डित्व बनता है। जब पाण्डित्व अपनी वाणी से वेद का बखान करता है वेद ध्वनि को ध्वनित बना लेता है तो मानो वह पाण्डित्व कहलाता है। सत्यवादी बन करके पाण्डिय अपनी पाण्डित्व की आभा में प्रायः परणित हो जाता है। तो विचारवेत्ताओं ने कहा है क्या तुम अपनी वाणी को मानो ध्वनि को जानने का प्रयास करो। वह ध्वनि देखो कहीं तारामण्डलों से है, कहीं परमाणु एक दूसरे में संघर्ष कर रहा है मानो कहीं लोक लोकान्तरों में संघर्ष होता रहता है वह सब ध्वनि कहलाती है।

मेरे प्यारे! देखो ध्वनि के ऊपर विचार-विनिमय किया जाए तो वेद का शब्द कहता है शब्दम् ब्रह्मा शब्दम् ब्रह्मे क्रतम् यह शब्द ही मानो देखो ब्रह्म की वेदी कहा जाता है। ब्रह्म की वेदी पर विद्यमान होने वाला ही मुनिवरो! देखो शब्द को जानता है। यह शब्द जब अग्नि नहीं होती तो शब्द के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं और यही प्रकाश मानो देखो मानव के जीवन का द्युतक कहा जाता है।

आत्मा का प्रकाश

मेरे पुत्रो! देखो जब ऋषि ने इस प्रकार वर्णन किया अपनी आभाएँ प्रगट कीं तो उस समय राजा और उनकी पत्नी राम्भेश्वरी ने कहा प्रभु हम यह जानना चाहते हैं जब मानो यह शब्द भी नहीं होता तो हम किसके प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं? उन्होंने कहा जब ये ध्वनि नहीं होती, जब मानो शब्द नहीं होता तो जटा पाठ में वेद का बखान करता है कहीं धन पाठ में करता है कहीं माला पाठ का उद्गीत गा रहा है और कहीं मानों देखो दीक्षित बन रहा है शब्द के कारण। इसी प्रकार मानों देखो जब शब्द नहीं होता तो हे भगवन् देखो हम आत्मा के प्रकाश से प्रकाशमान होते हैं। यह आत्मा हमारे प्रकाश का द्युतक है। यह आत्मा को जानने का प्रयास करो। प्रत्येक मानव परम्परागतों से साधक बना हुआ है। आचार्यों के समीप जाता रहा है और आचार्यों से जिज्ञासु यही कहता है प्रभु मैं आत्मा को जानना चाहता हूँ। मुझे आत्मा के जानने का मार्ग मुझे दीजिए तो उस समय आचार्य उसे दीक्षित

बनाता है। तो मानों देखो इस प्रकार अमृतम् ब्रह्मा आत्माम् भूतम् बेटा! देखो आत्मा एक चेतना है जो इस शरीर में विद्यमान रहती है।

मेरे प्यारे! देखो जब तक आत्मा इस शरीर में विद्यमान है तब तक यह मानव चेतनित बना रहता है और जब आत्मा निकल जाता है तो चेतना से शून्य हो जाता है। मानो देखो यह शरीर पंच महाभूतों का वृत कहलाया गया है। इस पंच महाभौतिक पिण्ड को अग्नि में दाह कर देते हैं अग्नि का भाग अग्नि में प्रवेश कर जाता है, आपो का भाग जल में प्रवेश कर जाता है, गुरुत्व गुरुत्व में प्रवेश कर गया है और वायु मुनिवरों! वायु में प्रवेश कर जाती है और मुनिवरों! अन्तरिक्ष अन्तरिक्ष में चला जाता है। विचार आता है बेटा! प्राण अपनी आभा में चित्त के मण्डल को ले करके गमन करता रहता है। तो विचार आता रहता है बेटा! मानव का शरीर जब तक चेतनित बना रहता है जब तक आत्मा विद्यमान है। आचार्यों ने इसीलिए नाना प्रकार के वेद का अध्ययन किया है मन्त्रों के वांगमय में पहुँच गये हैं। उनका एक ही मन्तव्य रहा है कि हम आत्मा को जानने को प्रयास करें जिस आत्मा के कारण हम चेतना में चेतनित रहे हैं और इसके न रहने से शून्यता को प्राप्त होते रहते हैं। उसको समाज कोई मृत्यु कहता है, कोई शरीरान्त कहता है, कोई शरीर को मानो कहता है कोई शरीर को त्याग दिया है, कोई किसी प्रकार से सम्बोधित करता रहता है परन्तु मन्तव्य केवल यह कि वह चेतना से रहित हो गया है। वह शून्यता को प्राप्त हो गया है और वह शून्यता को प्राप्त होना ही मुनिवरों! देखो ब्रह्मणे ब्रहाः वही आत्मा का न रहना तो आत्मा को जानो जो इस शरीर में पंच महाभूतों वाले लोक में रमण करता है। यह पंचमहाभूतों के लोक में रहने वाला ही तो आत्मा कहलाता है इस आत्मा के ऊपर मानव परम्परागतों से अनुसन्धान करता रहा है।

आत्मा को जानने की प्रेरणा

जितना भी मानव मोह कर रहा है, वह आत्मा को तृप्त करने के लिए जितना मानव त्याग कर रहा है वह गृह को त्याग देता है, तपस्या करता है अपने में तपस्वी बना हुआ है। मेरे प्यारे! वह आत्मा को जानने

के लिए एक मानव बेटा! साधक बन करके अपने अन्तरात्मा को न जान करके मुनिवरो! देखो जगत् में भ्रमण करता है उसका मन्तव्य भी केवल यही रहता है कि मैं आत्मा को जानूँ। तो मेरे प्यारे! देखो एक मानव प्राणायाम कर रहा है वह आत्मा को जानने के लिए। एक मानव बेटा! मृत्युञ्जय बन रहा है कि मैं मृत्यु से पार होना चाहता हूँ इन्द्रियों के रूगणों में मैं रमण करना नहीं चाहता। केवल उसका मन्तव्य भी यही है कि मैं आत्मा को जानने का प्रयास करूँ। परन्तु विचार आता है कि आत्मा एक चेतना है, आत्मा मानों देखो ज्ञान युक्त है, आत्मा इस शरीर में वास करने वाला है। आत्मा नहीं रहेगा तो चेतना नहीं रहेगी और चेतना नहीं रहेगी तो संसार का कोई भी क्रियाकलाप नहीं कर सकता। तो इसलिए चेतना के ऊपर हमारा एक नृत होना चाहिए अथवा उसके ऊपर अनुसन्धान होना चाहिए।

मेरे प्यारे! देखो आत्मा के निकल जाने के पश्चात् मानव को नाना प्रकार की संज्ञाओं से सम्बोधित किया जाता है परन्तु देखो यह मृत्यम् ब्रह्मा मृत्यु अपने में कोई मृत्यु नहीं कहलाती है। यह दोनों का मुनिवरो! अपने अपने में रूपान्तर हो जाना है जैसा मुनिवरों! देखो महर्षि पिप्पलाद ने अपनी देवी से कहा था क्या हे देवी जब आत्मा निकल जाता है तो मानों देखो अग्नि अग्नि में, अन्तरिक्ष अन्तिरिक्ष में और देखो यह आपो आपो में, गुरुत्व गुरुत्व में, पृथ्वी का भाग पृथ्वी में प्रवेश हो जाता है और यह आत्मा अपने संस्कारों के मानों समूह को ले करके मन बुद्धि दोनों सम्मिलित हो करके आत्मा इस शरीर से निकल जाता है। मानों जन्माम् भूतम् ब्रह्मा संस्कार रहते हैं अन्तःकरण में तो पुनः संस्कारों के आधार पर किसी माता के गर्भ में यह प्रवेश कर जाता है। तो विचार आता रहता है परन्तु देखो मोक्षाम्भूतम् ब्रह्मे आचार्यों ने कहा इसको हमें मोक्ष में पहुँचाना है हमें इसको जान करके ही मोक्ष को प्राप्त करना है। मोक्षणाम्भूतम् ब्रह्मे मोक्ष कहते हैं जो संस्कारों से विहिन हो जाता है। **संस्कारों से विहिन हो जाने का नाम ही मोक्ष है।** मेरे प्यारे! देखो इस संसार की प्रतिभा में न रहना

ही आनन्द और देखो वह परमात्मा के आनन्द में अपने को परमात्मा में रमण कर देता है।

विचार आता रहता है आचार्यों ने कहा है पिप्पलाद ने भी यही कहा क्या मृत्यु की मृत्यु ब्रह्म है मृत्यु को जानने वाले की मृत्यु नहीं हुआ करती है क्योंकि वह आत्मा का ही आत्मा का आत्मा समाप्त होता है। **आत्मा संस्कारों का समूह है यह केवल शरीर का रूपान्तर होता रहता है** और रूपान्तर वह यह जो अन्तम् ब्रह्मा वच्ततप प्रव्हे जो अन्त में विचार होते हैं उसी विचारों के आधार पर किसी माता के गर्भ में जाने का उसे अवसर प्राप्त हो जाता है। उसी को प्राप्त हो जाता है जो अन्त में संस्कार शरीर को त्यागते समय जो संस्कार बने रहेंगे उसी के आधार पर जन्म लेता रहता है।

अनन्त गम्भीर रहस्य

आओ मेरे प्यारे! मैं विशेष चर्चा तुम्हें प्रगट करना नहीं चाहता हूँ विचार विनिमय यह कि हमारे इस शरीर का यह नौ द्वारों वाला यह शरीर है एक मानो भव्य भवन है जिसमें आत्मा विद्यमान रहता है और यह आत्मा नौ द्वारों से जाता है। मुनिवरों! देखो जो किसी द्वार से जाने से यह पक्षियों की योनियों को प्राप्त होता है और यह किसी द्वारा से जाने से मानों विषैले प्राणियों को सर्प इत्यादियों को प्राप्त होता रहता है और कोई मानों देखो वह सिंह इत्यादि को प्राप्त होता रहता है। कोई और जब नासिका से जाता है सूर्य स्वर से जाता है तो यह मानव की योनि को प्राप्त होता है। चन्द्र स्वर से जाता है तो मानों यह मानव तो बनता है परन्तु विलासी बन जाता है। इसी प्रकार अमृतम् ब्रह्मा लोकाम् जो मुखारबिन्दु से जाता है वह देखो विरानकेतु पक्षियों में प्रवेश करता है जो हिंसक प्राणी हैं उनमें भी अवान्तर भेद माने गये हैं। तो बेटा! देखो मुखारबिन्दु में ब्रहे दो प्रकार की प्रकृति होती है यह एक श्वास की गति ब्राहा होती है एक मानों देखो अप्रहा होती है। जो अप्रहा से जाता है देवत्व को प्राप्त होता है और जो आत्मा ब्रह्मरन्ध्र से जाता है, नौ द्वारों से शरीर से जाता है तो बेटा! वह देव कोटि को प्राप्त होता

रहता है। तो विचार आता रहता है मुनिवरो! यह नौ द्वारा का यह एक मानव का शरीर है यह बड़ा विचित्र है इसके ऊपर मानव परम्परागतों से सृष्टि के प्रारम्भ से मानों अनुसन्धान करता चला आया है। ऋषि-मुनियों ने बहुत कुछ जाना इसके ऊपर परन्तु देखो यह उसके पश्चात् भी अनन्तता में एक मानों गम्भीर रहस्तम बना हुआ है।

आओ मेरे प्यारे! मैं विशेष चर्चा तुम्हें प्रगट करने नहीं आया हूँ विचार विनिमय क्या जब मुनिवरो! देखो राजा जनक उनकी पत्नी ने याज्ञवल्क्य मुनि महाराज से यह प्रश्न उत्तर लिए तो उनका अन्तरात्मा प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा धन्य है ऋषिवर आप ने हमें प्रकाश में पहुँचा दिया अन्धकार से प्रकाश में इसलिए आप को धन्य है। मेरे प्यारे! देखो ऋषि अमृतम् ब्रह्मा कोई प्राप्त होता अपने में मौन हो गया। आत्मा पर जा करके मौन राजा हो गया उनकी पत्नी भी मौन हो गई और ऋषि भी मौन हो करके और वह प्रभु के चिन्तन में मानो देखो सदैव रत्त हो गये। यह है बेटा! आज का वाक्।

आज के वाक् उच्चारण करने का हमारा अभिप्रायः यह क्या हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए देव की महिमा का गुणगान गाते हुए पंचमहाभूतों वाले लोक को जानने का प्रयास करें और देवत्व को प्राप्त हो जाएँ। यह है बेटा! आज का वाक् अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा। आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन-पाठन।

ओ३म् देवाः आभ्याम् मनुगतम् वाचन्नमः।

ओ३म् तनु गायन्तवाः रथम् माऽम प्राची रेवाः आप्याम् मनाःयम सर्वाः।।

पूज्य महानन्द जी—अच्छा गुरुदेव।

दिनांक : 29 जून, 1992

स्थान : ताजपुर, बुलन्दशहर

।। ओ३म् ।।

दार्शनिक चर्चाएँ

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस महामना परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गये हैं और जितना भी यह जड़ जगत अथवा चैतन्य जगत् हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वह परमपिता परमात्मा निहित हैं और वह सर्वत्रता में ओत-प्रोत रहते हैं। इसीलिए हमारा प्रत्येक वेद मन्त्रः उस परमपिता परमात्मा की गाथा गा रहा है जिस प्रकार माता का पुत्रः माता की गाथा गा रहा है, जिस प्रकार यह पृथ्वी ब्रह्माण्ड की गाथा गा रही है। इसी प्रकार प्रत्येक वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा की गाथा गा रहा है अथवा परमात्मा के गुणों का वर्णन कर रहा है। गुणाधानम् ब्रह्मा वर्णस्सुतमः देवाः—**वेद का मन्त्र कहता है उसके गुणों को धारण करना ही मानो उसकी उपासना कही जाती है।** परमपिता परमात्मा संसार का रचियता है और एक-एक कण-कण में व्याप्त है। कोई परमाणु ऐसा नहीं है जहाँ वह परमपिता-परमात्मा जिसके अन्तः में विद्यमान न हो। समुद्रों की कोई गुफा ऐसी नहीं है, कोई भी तरंगें ऐसी नहीं है जहाँ वह परमपिता-परमात्मा न हो, कोई पर्वतों की गुफा ऐसी नहीं परन्तु वह मानव की अन्तर्गुफा में भी सदैव विद्यमान रहते हैं। प्रत्येक मानव परम्परागतों से उस परमपिता-परमात्मा के सम्बन्ध में नाना प्रकार की विचारधाराएँ प्रायः व्यक्त करता रहा है।

पृथ्वी, वसुन्धरा के स्वरूप

मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जिस समय उद्दालक गोत्र के शिकामकेतु उद्दालक का यह कथन था—उन्होंने एक वेद मन्त्र अपने ब्रह्मचारियों के मध्य में जब उद्गीत रूप में गाते तो उन्होंने एक वेद मन्त्र उच्चारण किया अमृतम् ब्रह्मे कर्मणं ब्रव्हा कृति तो शिकामकेतु उद्दालक ने कहा हे ब्रह्मचारी कवन्धि, वहाँ विद्यमान थे। ब्रह्मचारी कवन्धि से कहा कि तुम बहुत, तुमने बहुत भ्रमण करते हुए मेरे आश्रम में तुम्हारा आगमन हुआ है परन्तु यह वेद का मन्त्र यह कहता है स्वर्णय ब्रह्मे पृथ्वी वर्णाः हमारे यहाँ पृथ्वी को वरणीय कहा जाता है यह वरणीय क्यों है जबकि परमपिता परमात्मा को वरणीय कहा जाता है? तो ब्रह्मचारी कवन्धि ने यह कहा कि वर्णनं ब्रह्मे व्रतम् पृथ्वीः यह जो पृथ्वी है इसीलिए वरणीय है क्योंकि यह वसुन्धरा है और इसके गर्भस्थल में नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थ तपता रहता है और इसके गर्भ में नाना प्रकार का जलाश्य अपने में तपायमान रहता है। तो इसीलिए अपनी वरणीय है क्योंकि जो भी इसमें समाहित रहता है वह उसी में मानो देखो निहित हो करके उसको अपना वरणीय बनाता है। इसी प्रकार माता को भी वरणीय कहा गया है वर्णनं ब्रह्मा देवत्वाम् प्रथम ब्रव्हे क्योंकि यह पृथ्वी ही मातृत्व की आभा में निहित रहती है। हमारे यहाँ पृथ्वी को ममतामयी के रूप में वरणित किया गया है। जब मुनिवरो! देखो यह संसार का पिण्ड का निर्माण होता है तो पिण्ड में एक पृथ्वी अपने में अद्वितीय कहलाती है परन्तु उस पिण्ड में सर्वत्र ब्रह्माण्ड की प्रतिभा का प्रायः दर्शन होता रहता है।

मेरे प्यारे! जब ब्रह्मचारी कवन्धि ने यह कहा—क्या वाक् तो तुम्हारा ब्रह्मचारी यथार्थ है परन्तु मैं एक वाक् और जानना चाहता हूँ यह वसुन्धरा इसे क्यों कहा गया है? तो ब्रह्मचारी कवन्धि ने कहा हे प्रभु इसको इसीलिए वसुन्धरा कहा गया है—वसुन्धरा कहते हैं क्योंकि इस में हम वशीभूत रहते हैं, इसी के गर्भ में निहित रहते हैं तो इसीलिए इसको वसुन्धरा कहा जाता है। वसुन्धरा का अभिप्रायः है वसुन्धरम्

ब्रह्मा वर्णस्सुतम् मानो जो जिसमें बसता है उसी को वसुन्धरा के रूप में वरणित किया जाता है तो इसीलिए पृथ्वी को वसुन्धरा कहते हैं। क्योंकि इसमें हम सब बसते हैं और यह नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थ देती रहती है। जब वैज्ञानिकजन इसके गर्भ में प्रवेश करते हैं इसके गर्भ में मानो परणित हो जाते हैं तो यह नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थों को जानने वाले वैज्ञानिक नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण करते हैं। ब्रह्मचारी कवन्धि ने कहा हे प्रभु एक समय मैं और मेरे पूज्यपाद गुरुदेव महर्षि तत्त्व मुनि महाराज के द्वारा पहुँचे। तत्व मुनि महाराज ने हमारा बड़ा आश्रव तम अहे मानो स्वागत किया। तो प्रभु उस समय देखो ब्रह्मणे व्रतम् तत्व मुनि महाराज से आचार्य ने एक प्रश्न किया क्या यह वसुन्धरा क्या है? तो उन्होंने कहा कि यह सर्वत्र ब्रह्माण्ड ही वसुन्धरा के रूप में वरणित रहता है मानो जो जिसमें वशीभूत रहता है। एक मण्डलों की माला बनी हुई है और एक दूसरी माला माला को प्रभावित कर रही है जिस प्रकार प्राणी-प्राणी में एक दुसरे में कटिबद्ध हो रहा है जैसे माता का पुत्र माता में कटिबद्ध है और वसुन्धरा में मानो यह सर्वत्र ब्रह्माण्ड अपने में वशीभूत रहता है। तो मेरे प्यारे! देखो यह ब्रह्मचारी कवन्धि ने जब ऐसा कहा तो ऋषि बड़े प्रसन्न हुए उन्होंने कहा कि तुम यथार्थ हो क्योंकि अपना मन्तव्य नहीं केवल ऋषि मुनियों का जो मन्तव्य है, विचार-विनिमय है उसका तुम अपने में गुणगान गाते रहते हो इसलिए तुम्हारा अध्ययन पवित्रत्व कहलाता है।

मेरे पुत्रो! देखो इसी प्रकार वसुन्धरा के सम्बन्ध में हमारे यहाँ नाना प्रकार का प्रसंग आता रहता है परन्तु वसुन्धरा का अभिप्रायः यह कि जिसके गर्भ में हम सब वशीभूत रहते हैं इसीलिए परमपिता-परमात्मा को वसुन्धरा कहा जाता है। क्योंकि वसुन्धरा के गर्भ में ही इस परमात्मा के गर्भस्थल में बेटा! सर्वत्र ब्रह्माण्ड निहित रहता है, नाना प्रकार के लोक लोकान्तर इसी में परणित हो जाते हैं।

परमपिता परमात्मा विभु है

विचारवेत्ता यह कहते हैं कि अमृतम् ब्रह्मा वेदाम् भूतप प्रव्हा

परमात्मा को वेद मन्त्रों में बेटा! विभु के रूप से वर्णन किया गया है। क्योंकि हमारे यहाँ दो प्रकार के विश्वस्त माने जाते हैं एक अणु है एक विभु है—तो अणु का मानो देखो विभाजन हो जाता है परन्तु देखो विभु का विभाजन नहीं होता। विभु तो एक-एक कण-कण में व्याप्त रहता है। तो इसीलिए परमपिता परमात्मा को विभु के रूप में वरणित किया गया है विभामभूतं ब्रह्मा विभम ब्रव्हे तो वेद का ऋषि कहता है कि वह तो मानो देखो विभु के रूप में वरणित रहता है। परमाणु का—जब मुनिवरो! देखो मुझे स्मरण आता रहता है महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ एक समय देखो कुछ ब्रह्मचारीजन कुछ विज्ञानवेत्ताओं के समीप पहुँचे उन विज्ञानवेत्ताओं में बेटा! देखो महर्षि प्रवाहण और शिलक, दालभ्य तीनों क्योंकि ब्रह्मवेत्ता भी थे और ब्रह्मवेत्ता होने से विज्ञानवेत्ता भी थे। दोनों प्रकार के विज्ञान पर मानो उनका अधिपथ्य रहता, देखो उनका विज्ञान अपने में अद्वितीय कहलाता था। तो ब्रह्मचारी कवन्धि ने वह कहा अमृतम् ब्रह्मा वर्णोसुतः हे प्रभु देखो वह उद्दालाकाम् भूतम् ब्रह्मे याज्ञम् ब्रीही क्रतम् देवाः। जब महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज से यह कहा कि महाराज आपाम् व्रीहे के वृति तो उन्होंने कहा देखो दालभ्य बोले कि हे प्रभु मैं यह जानना चाहता हूँ कि परमात्मा विभु है या अणु है? उन्होंने कहा विभु किसे कहते हैं तुमने अब तक क्या जाना है? तो मुनिवरो! देखो महर्षि प्रवाहण ने कहा कि प्रभु हम तो परमपिता परमात्मा को विभु और अणु दोनों स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा एकोकीरूपाम् एका मी दोहम् ब्रह्मे व्रतम् वेद का मन्त्र कहता है कि एक ही मानो देखो एक ही पर आचरण किया जाता है द्वितीय पर आचरण नहीं किया जाता इसीलिए तुम्हारा यह वाक् अकथनीय हो जाएगा। इसलिए कथनम् ब्रह्मा व्रत्यम् देवत्वाम् कथन के वाक्यों को प्रगट करो। तो मेरे प्यारे! वह प्रवाहण जी ने कहा प्रभु। आगे मैं इतना नहीं जानता। मेरे पुत्रो! उन्होंने कहा तो जानने के लिए सदैव तत्पर रहो। उन्होंने कहा कि विभु और अणु के सम्बन्ध में अब तुम दृष्टिपात करो। तो बेटा! सब ऋषि विद्यमान हो गये। उन्होंने रेणकेतु नाम के परमाणु का

विभाजन किया तो एक-एक परमाणु में बेटा! देखो सर्वश सृष्टि का दर्शन होने लगा। उन्होंने कहा जब एक-एक परमाणु में देखो सृष्टि का दर्शन है तो यह मानो देखो अणु विभु नहीं हो सकता क्योंकि विभु सर्वत्रता में विद्यमान रहता है तो इसीलिए अणु सर्वत्रता में विद्यमान नहीं अणु के गर्भ में वह व्याप्त रहता है इसीलिए देखो वह विभु कहलाता है। जैसे यागाम् भूतम् ब्रह्मा लोकाम् जैसे इस मानो देखो इसमें वशीभूत रहता है उसी में मुनिवरो! देखो उसमें उसकी प्रथा कहलाती है और उसी में वह निहित हो जाता है।

आओ मुनिवरो! देखो मैं तुम्हें दर्शनों के क्षेत्र में नहीं ले जा रहा हूँ। विचार-विनिमय केवल यह महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ अणु और विभु के ऊपर बड़ा विचार-विनिमय होता रहा। परन्तु ब्रह्मचारी कवन्धि ने एक ही वाक् कहा सम्भूति ब्रह्मा लोकाम् वह परमपिता परमात्मा तो सम्भूति है। उन्होंने कहा सम्भूति तो है परन्तु सभ्माभूतम् ब्रह्मे अन्हम, ब्रह्मे भूत व्रतम्! तो मुनिवरो। देखो वह प्रवाहण ने कहा कि महाराज विभु है वह, उसमें अवृतियाँ तो हैं। तो इस प्रकार मुनिवरो! देखो अपना कथन कहते हुए वह शान्त हो गये, अपने आसन पर विद्यमान हो गये। तो महर्षि भारद्वाज मुनि महाराज, प्रवाहण, शिलक और दालभ्य इन सर्वत्र वैज्ञानिकों ने बेटा! परमात्मा को देखो वह परमपिता परमात्मा को विभु के रूप में स्वीकार किया अणु के रूप में नहीं क्योंकि अणु में, अणु में प्रतियाँ होती हैं वह एक दुसरे को नहीं जान पाता परन्तु देखो अणु का एक तारतम्य बन जाता है वह किसी की चेतना से चेतनित हो करके मेरे प्यारे! एक दूसरे का गठन करता रहता है।

आत्मा अणु है

आओ बेटा! देखो मैं इस सम्बन्ध में विशेषता में तुम्हें नहीं ले जा रहा हूँ। विचार विनिमय केवल यह कि आज का हमारा वाक् क्या कह रहा है ब्रह्मचारी अमृतम् शिकामकेतु उद्दालक की चर्चाएँ मैं कर रहा था। शिकामकेतु उद्दालक के यहाँ नाना प्रकार के परमाणुओं के ऊपर

अन्वेषण होता रहा परन्तु देखो उनमें अमृताम् भूतम् ब्रह्मा देखो भूत आत्मा को जानने का उन्होंने प्रयास किया। आत्मा देखो पंच महाभूतों के लोक में रहने से वह पंचमहाभूताम् इन्द्र ब्रह्मे देवाम् वह पंचाग्नि कहलाता है। तो मेरे प्यारे! देखो जब उसका बन्धन समाप्त हो जाता है तो मोक्षम् भूतम् ब्रह्मे अनव्रत प्रही तो यहाँ जीवात्मा को बेटा! देखो ऋषि ने अणु के रूप में परणित किया है। तो आओ मेरे प्यारे! देखो मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यह कि परमात्मा विभु है और जीवात्मा अणु के रूप में विद्यमान रहता है। वेद का मन्त्र कहता है अनम् ब्रह्मे क्रतम् ब्रव्हा आत्माम्। मेरे पुत्रो! देखो इस प्रकार वह अपना निर्णयात्मक अपना विचार देते रहे हैं। तो आज मैं बेटा! देखो इस सम्बन्ध में कोई विशेष चर्चा नहीं केवल यह कि मुनिवरो! आज का हमारा वाक् क्या कहता है क्या ऋषि-मुनि अपने में बेटा! देखो अपने में निहित होते रहे हैं।

ऋषि मुनियों का अनुसन्धान

मैं पृथ्वी की चर्चा कर रहा था यह पृथ्वी वसुन्धरा है और वसुन्धरा माता है और वसुन्धरा नाम बेटा! देखो उस परमपिता परमात्मा का जिसके गर्भस्थल में सर्वत्र ब्रह्माण्ड मेरे प्यारे! देखो ओत-प्रोत रहता है सर्वत्र ब्रह्माण्ड उसी में निहित रहता है वह अमृतम् देखो वह परमपिता परमात्मा अपने में मानो देखो वसुन्धरा कहा जाता है। इसका प्रत्येक वेद मन्त्र अपने में गुणगान गा रहा है, प्रत्येक वेद मन्त्र बेटा! अपनी आभा प्रगट कर रहा है अपने में अपनेपन को दर्शा रहा है। तो आओ मुनिवरो! देखो आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यह क्या मुनिवरो! देखो हमारे यहाँ ऋषि-मुनि एक-एक वाक् पर अनुसन्धान करते रहे हैं, विचार विनिमय करते रहे हैं, विज्ञान के गर्भ में जाने का प्रयास करते रहे हैं क्योंकि विज्ञान अपने में अद्वितीय क्रियाकलाप है और देखो परमपिता परमात्मा का जो विज्ञान है वह अनन्तमयी माना गया है क्योंकि वह आत्माम् भूतम् बेटा! आध्यात्मिकवाद और भौतिक विज्ञान दोनों का परस्पर समन्वय रहता है और एक दूसरे के पूरक

कहलाते हैं तो इसीलिए मानो देखो एक दूसरे में समाहित रहते हैं इसीलिए वह परमपिता परमात्मा वसुन्धरा के रूप में वर्णित किया गया है।

महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज और चाक्राणी गार्गी सम्वाद

